उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 23 फाल्गुन, शक संवत्, 1944
( दिनांक : 14 मार्च, 2023 )

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. प्रश्न (दिखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश, 2023 को सदन के पटल पर रखेंगे।

4. मुख्यमंत्री, 'कम्पनी एक्ट, 2013' की धारा-395 के अन्तर्गत "उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि० (यूजेवीएन लि०) के वर्ष, 2019-20 एवं 2020-21के वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदनों को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. वन मंत्री, "उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम, 1974 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) के अध्याय-5 की धारा 26 (1) के प्राविधानानुसार उत्तराखण्ड वन विकास निगम के वित्तीय वर्ष, 2019-20 के आर्थिक चिट्ठों के प्रतिवेदन को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री, आर्थिक सर्वेक्षण उत्तराखण्ड, वर्ष 2022-23 खण्ड-1 को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. परिवहन मंत्री, सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950 की धारा 33 की उपधारा (1)(2)(3)(4) के अन्तर्गत 'उत्तराखण्ड परिवहन निगम' के वित्तीय वर्ष, 2009-10 से 2015-16 तक के वार्षिक लेखे एवं सम्परीक्षा प्रतिवेदनों को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. समाज कल्याण मंत्री, 'दिव्यांगजन, अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा-83 के अन्तर्गत आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तराखण्ड के वर्ष, 2019-20, वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के वार्षिक प्रतिवेदनों को सदन के पटल पर रखेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

9. सभापति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति, उत्तराखण्ड की पंचम विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति (वर्ष 2022-23) का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

10. सभापति, प्रतिनिहित विधायन समिति, उत्तराखण्ड की पंचम विधान सभा, की प्रतिनिहित विधायन समिति का वर्ष, 2023 का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

Scanned with CamScanner

11. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे किः-

(1) उत्तराखण्ड विनियोग (2022-2023 का अनुपूरक) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड दुकान और स्थापन (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का बारहवां अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का तेरहवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का चौदहवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड कूड़ा फेकना एवं थूकना प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का सौलहवां अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

(8) उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन तथा विकास (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 22 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का अठारहवां अधिनियम बन गया।

Scanned with CamScanner

(9) पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

(10) उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का बीसवां अधिनियम बन गया।

(11) उत्तराखण्ड लोक सेवा (महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 10 जनवरी, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2023 का प्रथम अधिनियम बन गया।

(12) भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2022 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 21 फरवरी, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2023 का द्वितीय अधिनियम बन गया।

12. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

13. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत डूंगा-थानागांव-हाथीपांव-मसूरी मोटर मार्ग निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 श्री हरि सिंह, ग्राम व पो0 डुंगा, देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम भाऊवाला के पेयजल एवं सिंचाई हेतु मालढुंग जलाशय योजना का निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री भानु प्रसाद पुत्र श्री सत्वेश्वर प्रसाद, ग्राम व पो0 भाऊवाला, देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम शीशमबाड़ा ट्रचिंग ग्राउण्ड को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में" श्री भरत सिंह राठौर पुत्र स्व0श्री नत्थू सिंह, ग्राम व पो0 शीशमबाड़ा, देहरादून, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्रीमती अनुपमा रावत, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र 35-हरिद्वार ग्रामीण में ग्राम कांगड़ी से भोगपुर तक गंगा नदी के ऊपर मोटरेबल पुल के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री शैलेन्द्र पाठक पुत्र श्री अविनाश चंद पाठक, ग्राम व पो0 लालढांग, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगी।

Scanned with CamScanner

17. श्री बृजभूषण गैरोला, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के ग्राम पंचायत भोपाल पानी के अन्तर्गत ग्राम कालीमाटी में सिंचाई हेतु ट्यूबवैल लगाये जाने के सम्बन्ध में" श्री विनोद कण्डारी पुत्र श्री बुध सिंह कण्डारी, ग्राम-कालीमाटी देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री बृजभूषण गैरोला, सदस्य, विधान सभा "विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत ग्राम-माजरी ग्रांट विकास खण्ड डोईवाला जनपद देहरादून में अनुसूचित जाति बहुल्य क्षेत्र में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री वीर सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह, ग्राम-माजरी ग्रांट देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

20. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

21. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

22. संसदीय कार्य मंत्री, "उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

23. संसदीय कार्य मंत्री, "उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्धन (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करेंगे।

24. उच्च शिक्षा मंत्री, "यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रूड़की (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

25. उच्च शिक्षा मंत्री, "यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रूड़की (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करेंगे।

26. मुख्यमंत्री, "उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

27. मुख्यमंत्री, "उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करेंगे।

28. मुख्यमंत्री, "उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

29. मुख्यमंत्री, "उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करेंगे।

30. मुख्यमंत्री, "सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

31. मुख्यमंत्री, "सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करेंगे।

Scanned with CamScanner

32. मुख्यमंत्री, "उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

33. मुख्यमंत्री, "उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2023" को पुरःस्थापित करेंगे।

34. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

35. संसदीय कार्य मंत्री निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगेः-

"उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त)" की धारा 10(1)(g) के अन्तर्गत उपबंधित व्यवस्थानुसार विधान सभा के 02 (दो) मा० सदस्यों को यह सदन 'गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर की प्रबन्ध परिषद् में पदेन सदस्य के रूप में नामित करने हेतु मा० अध्यक्ष, विधान सभा को प्राधिकृत करता है तथा इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।

36. श्री विनोद चमोली, सदस्य विधान सभा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"यह सदन माननीय राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2023 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"

श्रीमती सरिता आर्या, सदस्य विधान सभा उक्त प्रस्ताव का समर्थन करेंगी।

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी "ख")

37. दिनांक 29 नवम्बर, 2022 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-05 के संबंध में श्रीमती अनुपमा रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में वन गुज्जर जिनकी आजीविका का साधन पशुपालन ही है, उन्हें वनों में पशु चुगान और लौपिंग के परमिट निर्गत किये जाते थे विषयक सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

38. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

भराड़ीसैंण :
दिनांक : 13 मार्च, 2023

(हिम चन्द्र पन्त)
प्रभारी सचिव।

Scanned with CamScanner

उत्तराखण्ड विधान सभा

प्रथम सत्र, 2023
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

मंगलवार,

23 फाल्गुन, शक संवत्, 1944

(दिनांक : 14 मार्च, 2023)

## नत्थी 'क'

## तारांकित प्रश्न

"विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।"

श्री मयूख महर
03.01.2023

*01. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में जिला पंचायत पिथौरागढ़ के गठन के उपरान्त अब तक विभिन्न मदों से कुल कितना धन उपलब्ध कराया गया है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग को उपलब्ध धन को किन–किन योजनाओं में व्यय किया गया है तथा विभागवार लागत सहित कार्यो का विवरण क्या है ? क्या इन योजनाओं को प्रारम्भ करने से पूर्व विधिवत समाचार पत्रों में विज्ञापित किया गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उसका सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध करायेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पंचायत को उपलब्ध धन से जिला पंचायत द्वारा पंचायत के सदस्यों को विकास कार्य हेतु कितना धन उपलब्ध कराया गया एवं उपलब्ध कराये गये धन का सम्पूर्ण विवरण मंत्री जी सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पंचायती राज

श्री विरेन्द्र कुमार
03.01.2023

*02. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राज्य के समस्त क्षतिग्रस्त मार्गों को गड्ढा मुक्त करने की घोषणा की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने मार्ग गड्ढों से क्षतिग्रस्त थे ? क्या माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार सभी मार्गों को गड्ढा मुक्त कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार प्रदेश के सभी क्षतिग्रस्त मार्गों को गड्ढा मुक्त करने की कोई योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

Scanned with CamScanner

श्री बृजभूषण गैरोला
04.01.2023

*03. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में पंचकोसी यात्रा धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ? क्या यह सत्य है कि पंचकोसी ट्रैक पर स्थित शिखरेश्वर धाम को धार्मिक दृष्टि से विकसित करने और झाणजा गांव को पर्यटन ग्राम के रुप में विकसित करने की मांग क्षेत्रवासी काफी समय से करते आ रहे है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि पंचकोसी ट्रैक रुट को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री विक्रम सिंह नेगी
04.01.2023

*04. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध की झील में बांध प्रभावितों को गाड़ी सहित झील के आर–पार, राशन, गैस आदि ले जाने तथा आपदा के समय टिहरी बांध से चिन्यालीसौड़ तक लोगों की आवश्यकता के लिए बार्ज का संचालन किया जाना था, जिसके लिए लगभग 3 करोड़ की लागत से बार्ज को टिहरी झील में उतारा गया ? क्या यह सत्य है कि बार्ज का उपयोग न होने से ये जर्जर स्थिति में है और वर्तमान में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड ने बार्ज को ली–राय कंपनी को लीज पर दिया है जिसका संचालन बंद होने के कारण इसके इंजन आदि पार्ट खराब हो रहे है तथा कई पार्ट खराब भी हो गये है जिस कारण बार्ज झील में मृत प्रायः स्थिति में है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी झील में बार्ज का संचालन न किये जाने के क्या कारण है ? क्या सरकार द्वारा निकट भविष्य में टिहरी बांध प्रभावितों के लिए व्यापक जनहित में बार्ज का संचालन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री विक्रम सिंह नेगी
04.01.2023

**"केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त"**

*05. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि देहरादून मसूरी भम्रण पर आने वाले अधिकांश पर्यटक धनोल्टी एवं टिहरी बांध की झील तथा डोबरा–चांठी पुल के भ्रमण पर आते है ? क्या यह सत्य है कि जे.पी. बैण्ड मसूरी से वाया धनोल्टी–चम्बा सड़क सिंगल लेन होने के कारण यहां पर अत्यधिक ट्रैफिक जाम से पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जे.पी. बैण्ड मसूरी से वाया धनोल्टी–चम्बा सड़क को डबल लेन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>04.01.2023 | *06. क्या वन मंत्री अगवत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषकों के स्थानीय उत्पाद जैसा रीठा, आंवला, हरड़, बैहड़, गिलोय, धौल के फूल इत्यादि को विक्रय करने पर रवन्ना की बाध्यता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि कृषकों को अपना पंजीकरण गोपेश्वर व सेलाकुई में जाकर कराना पड़ता है, तत्पश्चात रेन्ज कार्यालय व जिला वनाधिकारी कार्यालय से निकासी हेतु स्वीकृति मिलती है, यह प्रक्रिया लम्बी होने से कृषकों के स्थानीय उत्पाद खेतों में ही नष्ट हो जाते हैं ? क्या सरकार स्थानीय उत्पादों के विक्रय हेतु कोई सरल नीति बनाकर कृषकों को लाभान्वित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>05.01.2023 | *07. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत सिंचाई नहरें काफी समय से क्षतिग्रस्त है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र डोईवाला में कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा शीघ्र नहरों की मरम्मत का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>05.01.2023 | *08. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम व कुमाऊँ मण्डल विकास निगम के संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियमितीकरण की मांग काफी लम्बे समय से करते आ रहे है ? क्या यह सत्य हैं कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम और कुमाऊँ मण्डल विकास निगम के संविदा व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को शासन स्तर पर हुई बैठक में नियमितीकरण करने का आश्वासन दिया गया ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम व कुमांऊ मण्डल विकास निगम के कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री उमेश कुमार<br>09.01.2023 | *09. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत स्तर में हो रहे भ्रष्टाचार के कितने मामले लम्बित है तथा कितने मामलों पर अब तक कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो उपरोक्त मामलों की स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त मामलों का निस्तारण कब तक किया जायेगा ? क्या सरकार उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |



Scanned with CamScanner

श्री महेश जीना
09.01.2023
श्री सुरेश गढ़िया
10.02.2023

**"तृतीय सोमवार के तारांकित प्रश्न संख्या–19 में स्थानांतरित"**

*10. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से आतिथि तक विश्व बैंक पोषित कुल कितने पुलों का निर्माण हुआ है और कुल कितने पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितने पुलों का निर्माण कार्य अनुबन्ध के शर्तों के अनुरूप हुआ है तथा अनुबन्ध शर्तों के अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण न करने वाली कुल कितनी फर्मे हैं ? क्या सरकार द्वारा समय अवधि रहते निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वाली फर्मो को ब्लैकलिस्ट कर अर्थदण्डित किया गया है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विधान सभावार विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

श्री दलीप सिंह रावत
09.01.2023

*11. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडाउन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन क्षेत्र में कोई योजनायें संचालित की जा रही है ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
10.01.2023

**"प्रथम बुधवार के तारांकित प्रश्न संख्या–18 में स्थानांतरित"**

*12. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 04 अक्टूबर, 2022 को द्रौपदी का डांडा–दो में हिमस्खलन की चपेट में आने से 27 प्रशिक्षु व 2 प्रशिक्षक सहित कुल 29 लोग मारे गये थे ? क्या यह सत्य है कि ए.वी.डी. (एवलांच विक्टिम डिटेक्टर) होता तो हिमस्खलन की चपेट में आये पर्वतारोहियों को बचाया जा सकता था ? क्या सरकार ऐसे अभियानों के संचालन से पूर्व एवीडी (एवलांच विक्टिम डिटेक्टर) को सभी सदस्यों को पहनने की शर्त अनिवार्य करेगी ? यदि हां, तो सरकार इस विषय पर क्या नीति बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री महेश जीना
11.01.2023

**स्थगित।**

*13. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (वी.पी.डी.ओ.) के कुल कितने पद सृजित है तथा सृजित पदों के सापेक्ष आतिथि में कुल कितने पद रिक्त है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की कमी के कारण ग्राम्य विकास योजनाओं की गति धीमी पड़ी है और बी.पी.एल. के साथ अनेकों प्रमाण पत्रों के समय पर न बनने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम्य विकास योजनाओं को विकास की गति देने व ग्रामीणों की समस्या को दूर करने के लिए शीघ्र ही रिक्त पदों पर ग्राम विकास अधिकारियों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

पंचायती राज



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>18.01.2023 | *14. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल के जमरानी से अमृतपुर तक गौला नदी से अमीया, आना, डहरा, अमृतपुर के ग्रामीण कास्तकारों की भूमि का लगातार कटाव हो रहा है तथा ग्रामीणों के भवनों को भी खतरा बना हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि गौला नदी से हो रहे भू–कटाव को रोकने के लिए सीमेन्ट के ब्लॉक व चैकडैम का निर्माण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>18.01.2023 | *15. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत भीमताल झील का डैम टूटने के कगार पर होने के कारण क्षेत्रवासी लगातार डैम के पुनर्निर्माण की मांग कर रहे है ? क्या यह सत्य है कि डैम के टूटने पर आस–पास के दर्जन भर से अधिक गांव प्रभावित क्षेत्र में आ सकते है, जिससे बहुत बड़ी हानि हो सकती है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि क्षेत्रवासियों के बार–बार डैम के पुनर्निर्माण की मांग करने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने के क्या कारण है ? क्या सरकार व्यापक जनहित में उक्त क्षतिग्रस्त डैम का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती ममता राकेश<br>23.01.2023 | **"द्वितीय बुधवार के तारांकित प्रश्न संख्या–01 में स्थानांतरित"**<br>*16. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की सीमान्तर्गत गुजरने वाले राष्ट्रीय राज मार्ग में घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के सन्दर्भ में राज्य सरकार की वैधानिक हिस्सेदारी क्या है ? क्या यह सही है कि भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में एन.एच.–73 में मण्डावर से सालियर क्षेत्र में विगत् दो वर्ष में हुई दुर्घटनाओं में मृतकों के आश्रितों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय राज मार्गो पर होने वाली दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मुआवजा देने में राज्य सरकार की उदासीनता का क्या औचित्य है ? क्या सरकार इस सन्दर्भ में सकिय भागीदारी निभाने का कदम उठायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजान दास<br>02.02.2023 | *17. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चन्दर नगर नाले को आच्छादित करते हुए बरसाती नाले के जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु क्षेत्रवासियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है तथा इस संबंध में सिंचाई विभाग देहरादून द्वारा रु0 146.28 लाख का प्राक्कलन शासन को प्रेषित किया गया था, किन्तु अब तक भी चन्दर नगर नाले को आच्छादित बरसाती नाले के जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ? क्या मंत्री जी अवगत है कि चन्दर नगर में खुले में बह रहे नाले से लोगों का जीना दुभर हो गया है जिससे आये दिन जनमानस को संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है, जो भविष्य में कभी भी विकराल रुप ले सकता है ? क्या सरकार जनहित में राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चन्दर नगर नाले को आच्छादित करते हुए जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |



Scanned with CamScanner

श्रीमती अनुपमा रावत
08.02.2023

"मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त"

*18. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लालढांग–चिल्लरखाल–कोटद्वार मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है ? यदि हां, तो यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ? इस मोटर मार्ग के निर्माण कार्य पर अब तक राज्य सरकार कितना धन व्यय कर चुकी है ? क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

वन

श्रीमती अनुपमा रावत
08.02.2023

*19. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत टिहरी झील में नौकायन, होटल, रेस्टोरेन्ट, पैराग्लाइडिंग, स्टीमर आदि सुविधाओं के विस्तार में स्थानीय लोगों के हितों को वरीयता दी जायेगी ? यदि हां, तो क्या टिहरी झील के निर्माण के फलस्वरुप वहां से विस्थापित हुये लोगों को भी इसमें प्राथमिकता दिये जाने से उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्रीमती अनुपमा रावत
09.02.2023

*20. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितनी नहरें (रजवाहे) जिलेवार क्षतिग्रस्त/बंद पड़े हैं ? सरकार द्वारा इन रजवाहों को सुधारने/मरम्मत के लिए कुल कितने धन का प्राविधान किया गया है और इसमें से हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में किन–किन रजवाहों की मरम्मत किये जाने का प्रस्ताव है तथा इसमें कितना धन व्यय किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री महेश जीना
26.08.2022

01. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितने मोटर मार्ग प्रथम चरण व कुल कितने मोटर मार्ग द्वितीय चरण में स्वीकृत हुए है ? क्या मंत्री जी सल्ट में निर्मित मोटर मार्गों के नाम, निर्माण करने वाली फर्म व मदवार धनराशि आवंटन का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

## अतारांकित प्रश्न

श्री बृजभूषण गैरोला
05.01.2023

01. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला के पर्वतीय क्षेत्र इठारना में झील निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया था ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र इठारना में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या– 60/2019 के अन्तर्गत इठारना झील का सौन्दर्यीकरण के अवशेष कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु रू0 16.04 लाख का आंगणन प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन को भेजा गया था ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इठारना झील का अवशेष कार्य को पूरा करने के लिए शेष धनराशि दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>06.01.2023 | 02. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत धारकोट से लड़वाकोट, हल्द्वाड़ी गांव में वर्तमान में मोटर मार्ग का निर्माण न होने से क्षेत्र की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>06.01.2023 | 03. क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चैक डैम का निर्माण किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अभी तक कितने चैक डैम का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्र में भी चैक डैम का निर्माण किया जा रहा है ? यदि हां, तो कितने चैक डैम का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लघु सिंचाई |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>06.01.2023 | 04. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के लालकुऑ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत काठगोदाम के समीप गौलापार क्षेत्र में बने सी.आर.पी.एफ. कैम्प के निर्माण होने से पूर्व में बहने वाले बरसाती नाले के प्राकृतिक स्वरुप में बदलाव हो जाने के कारण बरसात का पानी गौलापार के सुल्तानपुर आदि ग्रामों के आवासीय मकानों को प्रतिवर्ष नुकसान पहुँचा रहा है ? क्या सिचाई मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नाले के प्राकृतिक स्वरुप को पुनर्जीवित किये जाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>09.01.2023 | 05. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विकास खण्ड पाटी के घुनाघाट में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है ? यदि हां, तो सरकार वन विभाग की भूमि को कब तक अतिक्रमण से मुक्त करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>09.01.2023 | 06. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत ग्राम डाण्डी में झीलवाला नहर को भूमिगत कराते हुए पुनर्निर्माण किये जाने की घोषणा मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 02 दिसम्बर, 2021 को की गई थी ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि अभी तक डाण्डी झीलवाला नहर को भूमिगत व पुनर्निर्माण का कार्य प्रारम्भ नही हो पाया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि डाण्डी झीलवाला नहर को कब तक भूमिगत व पुनर्निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>09.01.2023 | 07. क्या वन मंत्री अवगत करायेंगे कि उत्तराखण्ड में जंगली जानवरों, बन्दरों और हाथियों द्वारा जान–माल व किसानों की फसलों को पहुँचाये जा रहे नुकसान की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या उपाय किये जा रहे है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि लालकुआं विधान सभा क्षेत्र तीन ओर से जंगलो से घिरा होने के कारण किसानों की फसलों को बचाने हेतु पूरे क्षेत्र में सोलर फैन्सिंग, करन्ट वाली तार बाड़ और खाई खोदने की कोई कार्य योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>09.01.2023 | 08. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के लालकुआं विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले 5 से 10 वर्ष पूर्व बनायी गयी सड़कें जो कि जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, उनके जीर्णोद्धार हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री उमेश कुमार<br>09.01.2023 | 09. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में सिंचाई विभाग के कितने नलकूप अधिष्ठापित है तथा इन नलकूपों में कितने कियाशील है व कितने अकियाशील है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अकियाशील नलकूपों को कियाशील करने हेतु सरकार द्वारा योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2023 | 10. क्या जलागम प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर की सकलाना पट्टी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों/गांवों में जलागम प्रबन्धन योजना में आच्छादित किया जायेगा ? यदि हां, तो सकलाना (जौनपुर) के गांवों में जलागम प्रबन्धन योजनाओं का संचालन कब से प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | जलागम प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2023 | 11. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में पन्तवाड़ी–नागटिब्बा मोटर मार्ग 04 किमी0 स्वीकृत है ? क्या यह सत्य हैं कि उक्त मोटर मार्ग का कुल 2.50 किमी0 तक निर्माण किया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त मोटर मार्ग के अवशेष भाग का निर्माण कब तक पूर्ण करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2023 | 12. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर की पट्टी सकलाना में अतिवृष्टि, बाढ़ आने से कास्तकारों की परिसम्पतियों के साथ–साथ सिंचाई नहरें पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गयी थी ? क्या सरकार बतायेगी कि पट्टी सकलाना में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों का पुनर्निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2023 | 13. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर की पट्‌टी सकलाना में 19–20 अगस्त, 2022 को बाढ़ आने से आम जनमानस की परिसम्पतियों को भारी क्षति पहुँची थी ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रभावित क्षेत्रों में किन–किन स्थानों पर बाढ़ सुरक्षात्मक योजनायें स्वीकृत कर योजनाओं का कियान्वयन किया जा रहा है, उन योजनाओं की लागत क्या है और कब तक कार्य पूर्ण करवा लिये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री खजान दास<br>10.01.2023 | 14. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के राजपुर रोड एवं कैन्ट विधान सभा के मध्य में बहने वाली बिंदाल नदी के दोनों ओर तटबंध निर्माण की मॉग लम्बे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही है, किन्तु वर्तमान तक भी कांवली पुल से लाल पुल पटेल नगर तक सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है ? क्या मंत्री जी को ज्ञात हैं कि बिन्दाल नदी के दोनों ओर तटबंध निर्माण न होने के कारण हर वर्ष बारिश के दौरान बिंदाल नदी उफान पर आ जाती है जिस कारण जानमाल की हानि होती रही है ? क्या सरकार व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुए राजपुर रोड एवं कैंन्ट विधानसभा के मध्य बहने वाली बिन्दाल नदी के दोनों किनारों पर तटबंध निर्माण की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>10.01.2023 | 15. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर के अन्तर्गत जसपुर शहर के राज्य मार्ग पर अजय गर्ग नर्सिंग होम से जसपुर–भूतपुरी मार्ग को जोड़ने वाला लिंक मार्ग, जिसकी लम्बाई मात्र 200 मीटर है, अत्यधिक जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक पूर्ण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री संजय डोभाल<br>10.01.2023 | 16. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत सरुताल, सतुड़ी, बुग्याल, बाकरी ताल, भुजेला ताल, कुण्डका ताल, कुण्डका बुग्याल, फाचकण्डी बुग्याल, भौखनाथ टिब्बा, टिहरी बांध परियोजना से बनी चिन्यालीसौड़ झील आदि ऐसे पर्यटन स्थल है जो कि पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जा सकते है और पर्यटन का बढ़ावा मिल सकता है ? क्या उक्त स्थलों को विकसित करने के लिए सरकार कोई ठोस योजना बना रही है ? यदि हां, तो इस योजना पर कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमेश कुमार<br>11.01.2023 | 17. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत् 10 वर्षो में जनपद हरिद्वार के खानपुर विधानसभा क्षेत्र में वन्य पशुओं/वन जीवों द्वारा कितने लोगों को घायल किया/मारा गया तथा कितने घायल, मृत व्यक्तियों को मुआवजा दिया गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वन्य पशुओं/वन्य जीवों के हमलों में मारे गये/घायल व्यक्तियों को मुआवजा देने हेतु कोई नियमावली है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री उमेश कुमार<br>12.01.2023 | 18. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के खानपुर विधान सभा क्षेत्र में स्थित गंगा नदी के क्षतिग्रस्त तटबंध का पुनर्निर्माण किये जाने की कोई कार्य योजना प्रस्तावित है तथा आतिथि तक गंगा नदी पर क्षतिग्रस्त तटबंध के निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या कदम उठाये गये है ? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री उमेश कुमार<br>12.01.2023 | 19. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012 से जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में कितने रविदास मंदिरों का सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का निर्माण कार्य किया गया है ? क्या मंत्री जी उक्त मंदिरों में किये गये कार्य का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री उमेश कुमार<br>12.01.2023 | 20. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में स्थित बालावाली गंगा नदी पर पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कोई कार्य योजना प्रस्तावित है ? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री महेश जीना<br>12.01.2023 | 21. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुमाऊँ मण्डल विकास निगम व गढ़वाल मण्डल विकास निगम के कुल कितने पर्यटक आवास गृह है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितने पर्यटक आवास गृह लाभ और कितने हानि की स्थिति में है ? क्या सरकार पर्यटक आवास गृहों को लाभ की स्थिति में लाने हेतु कोई नीति बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.01.2013 | 22. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वन्य जीव जन्तुओं के हमले से आये दिन ग्रामीण प्रभावित होते है ? सरकार द्वारा वन्य जीव जन्तुओं के हमले से मृत/घायलों तथा आंशिक रुप से घायलों को प्रतिकर दिया जाता है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान में ऐसे प्रकरणों पर प्रभावितों को प्रतिकर का भुगतान किस आधार पर व कितनी धनराशि अनुमन्य की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.01.2023 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री अगवत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत धारी विकास खण्ड के बुड़ीबना से सूपी–पाटा मोटर मार्ग जीर्ण–शीर्ण है जिससे ग्रामीण कृषकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग पर डामरीकरण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.01.2023 | 24. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ग्राम सभा मलुवाताल में मोटर मार्ग की मांग को लेकर ग्रामीण आन्दोलनरत् है ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक कराया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री उमेश कुमार<br>13.01.2023 | 25. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानुपर में वर्ष 2017 से 2022 के अन्तर्गत बाढ़ सुरक्षा योजना में कौन–कौन से कार्य किये गये है? क्या मंत्री जी उक्त कार्यो में व्यय की गयी धनराशि का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री उमेश कुमार<br>13.01.2023 | 26. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर में वर्ष 2012 से कितने पर्यटन स्थल विकसित किए गए है ? क्या सरकार की भविष्य में खानुपर विधान सभा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो वह कार्य योजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री उमेश कुमार<br>13.01.2023 | **"द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 06 में स्थानांतरित"**<br>**27. क्या ग्रामीण निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र खानपुर के अन्तर्गत ढंढेरा, लंढौरा, मिलापनगर एवं मोहनपुरा में वर्षा के पानी निकासी का समाधान किए जाने कि कोई कार्य योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या सरकार पानी निकासी हेतु बनाई गई कार्य योजना का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?** | ग्रामीण निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>13.01.2023 | 28. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के हैड़ाखान–खनस्यूं–पतलोट मोटर मार्ग जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का डामरीकरण व चौड़ीकरण का कार्य सरकार द्वारा कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>13.01.2023 | 29. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा विकास खण्ड में भीड़ापानी से खुजेठी–बलना–मटियाल मोटर मार्ग पर बड़े–बड़े गड्ढे होने के कारण वाहन दुर्घटना का खतरा बना हुआ है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का चौड़ीकरण व डामरीकरण का कार्य सरकार द्वारा कब तक किया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>13.01.2023 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के पतलोट से डालकन्या–कुन्डल–ल्वाड़–डोबा–गौनियारों मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण मार्ग पर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का डामरीकरण का कार्य सरकार द्वारा कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>13.01.2023 | 31. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत हैड़ाखान से अधोड़ा–मीडार मोटर मार्ग पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गया है एवं पूरे मार्ग पर गड्ढे बने हुए है, जिससे लगातार दुर्घटनायें हो रही है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>13.01.2023 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत काठगोदाम से हैड़ाखान–खनस्यूँ मोटर मार्ग का 03 किमी. भाग पूर्णरुप से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण कई ग्राम सभाओं के ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है ? क्या यह सत्य है कि उक्त मोटर मार्ग का नये स्थान से निर्माण होना है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>16.01.2023 | 33. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा, धारी, रामगढ़ व भीमताल में किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए तार–बाड़ आदि की कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>17.01.2023 | 34. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा विकास खण्ड में हरीशताल व लोहाखाम दो बड़ी झीलें है? क्या यह सत्य है कि उक्त दोनों झीलों का नैनीताल एवं भीमताल की तर्ज पर पर्यटन की दृष्टि से सौन्दर्यीकरण व विकसित करने की क्षेत्र की जनता द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उपरोक्त दोनों झीलों का नैनीताल एवं भीमताल की तर्ज पर सौन्दर्यीकरण एवं विकसित करने हेतु सरकार कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>17.01.2023 | 35. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत विकास खण्ड ओखलकाण्डा के देवगुरु बृहस्पति महाराज मन्दिर को क्षेत्र के लोगों द्वारा पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग की जा रही है ? यदि हॉ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.01.2023 | 36. क्या ग्रामीण निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा किन–किन ग्रामीण सड़कों का निर्माण करवाया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि 2022–23 में कौन–कौन सी सड़कें प्रस्तावित की गई है और उनका निर्माण कब तक करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्रामीण निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.01.2023 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत थत्यूड़–अगलाड़ मोटर मार्ग कई स्थानों पर अत्यधिक ऊबड़–खाबड़ तथा क्षतिग्रस्त है? क्या सरकार बतायेगी कि विकास खण्ड मुख्यालय थत्यूड़ से नैनबाग क्षेत्र के गांवों को जोड़ने वाले इस मोटर मार्ग का सुधारीकरण करवाया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.01.2023 | 38. क्या जलागम प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में जलागम प्रबन्धन के अन्तर्गत कौन–कौन से गांव आच्छादित किये गये हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक आच्छादित ग्रामों में कौन–कौन से कार्य करवाये गये और उनकी कुल लागत क्या थी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | जलागम प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.01.2023 | 39. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर की पट्टी सकलाना में 19 एवं 20 अगस्त 2022 को अतिवृष्टि, बाढ़ व भूस्खलन से सेरागांव नहर, रगड़गांव नहर, हटवालगांव नहर, रिंगालगढ़ नहर, मरोड़ा नहर, मजेठा नहर व घेना नहर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुई है? क्या सरकार दैवीय आपदा अथवा अन्य विशेष/विभागीय मद से उपरोक्त क्षतिग्रस्त नहरों का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.01.2023 | 40. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कुमाल्डा में स्थित विद्यालय के समीप कालंगा नहर ऊपर से कवर–अप नही है ? क्या यह सत्य हैं कि कालंगा नहर को कवर–अप किये जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है? क्या सरकार छात्र–छात्राओं की सुरक्षा हेतु कालंगा नहर को कवर–अप करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>18.01.2023 | 41. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा, धारी व रामगढ़ की अधिकतर सिंचाई नहरें जीर्ण–शीर्ण है? क्या सरकार उक्त जीर्ण–शीर्ण सिंचाई नहरों का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>18.01.2023 | 42. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा विकास खण्ड के अन्तर्गत वर्षो पूर्व निर्मित लूगड पुल से पातीजाला (चमोलीगाजा) मोटर मार्ग का आतिथि तक डामरीकरण का कार्य नहीं हो पाया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य कब तक होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>18.01.2023 | 43. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के विकास खण्ड भीमताल के अन्तर्गत ग्राम सभा अमृतपुर सिंचाई नहर आपदा में क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों के खेत बंजर हो गये है तथा अमृतपुर के ग्रामीण सिंचाई हेतु अमृतपुर सिंचाई नहर पर ही निर्भर रहते है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नहर का पुनर्निर्माण जनहित में कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री मयूख महर<br>18.01.2023 | 44. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद पिथौरागढ़ में की गयी घोषणा संख्या–1375/2021 पाण्डेगांव (कुजोली) से सेरा तक नाला पाटकर मोटर मार्ग बनाने की घोषणा पर शासन द्वारा घोषणा को पूर्ण करने हेतु आगणन बनाकर धन की स्वीकृति कर दी गई है? यदि हां, तो कितने धन की स्वीकृति हुई है ? क्या सरकार मुख्यमंत्री जी की उक्त घोषणा को पूर्ण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>19.01.2023 | 45. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत कितनी सिंचाई नहरें है और कितनी सिंचाई नहरों से किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो रहा है और कितनी सिंचाई नहरें जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जीर्ण–शीर्ण सिंचाई नहरों का सरकार द्वारा नवनिर्माण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| इंजी रवि बहादुर<br>20.01.2023 | 46. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र के ज्वालापुर अन्तर्गत पथ प्रकाश की व्यवस्था है? यदि नहीं, तो सरकार इस दिशा में क्या कार्य कर रही है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि ज्वालापुर के अन्तर्गत कितने गांवों में पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारु रुप से चल रही है ? क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>23.01.2023 | 47. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर में जंगली जानवरों एवं बन्दरों द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है ? क्या सरकार किसानों की फसल के नुकसान की रोकथाम हेतु कोई उपाय किये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री राम सिंह कैड़ा,<br>23.01.2023 | 48. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के भीमताल विधान सभा क्षेत्र के ओखलकाण्डा, धारी, रामगढ़ व भीमताल विकास खण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के मोटर मार्ग पूर्ण रुप से जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिस कारण ग्रामीण लगातार डामरीकरण का कार्य कराये जाने की मांग कर रहे है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्गो पर डामरीकरण कार्य कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री फुरकान अहमद<br>24.01.2023 | 49. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पंचायती राज विभाग और ग्राम्य विकास विभाग का एकीकरण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक उक्त विभागों को एकीकरण कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री फुरकान अहमद<br>24.01.2023 | 50. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश में परिवार रजिस्टर की प्रति प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन व्यवस्था लागू कर दी गयी है ? यदि हां, तो क्या यह सत्य हैं कि यह व्यवस्था जनपद हरिद्वार एवं ऊधमसिंहनगर में लागू नहीं की गयी है ? क्या सरकार उक्त जनपदों में भी परिवार रजिस्टर की प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने की व्यवस्था लागू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>30.01.2023 | 51. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत अवर अभियन्ता के कितने पद रिक्त है ? क्या यह सत्य हैं कि अवर अभियन्ताओं की कमी के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे है ? यदि हां, तो क्या सरकार लोक निर्माण विभाग में अवर अभियन्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.02.2023 | 52. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मेरे द्वारा अपने पत्रांक 694/पी.डब्ल्यू.डी./2022 दिनांक 15.12.2022 द्वारा मुख्य विकास अधिकारी टिहरी गढ़वाल से गड़्ढा मुक्त पैचवर्क कार्यो की समीक्षा बैठक के प्रारुप बी के कमांक 02 व 03 की स्थलीय जॉच आख्या मांगी गयी थी ? क्या सरकार अपेक्षित प्रारूप बी के कमांक–02 व 03 की स्थलीय जांच आख्या उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.02.2023 | 53. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत भवान–गवाणा–डामणी मोटर मार्ग दो स्टील गर्डर सेतु सहित 08 किमी0 लम्बे मोटर मार्ग का प्रस्ताव/आगणन वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में शासन में लम्बित है ? क्या यह सत्य हैं कि क्षेत्रीय जनता द्वारा उक्त मोटर मार्ग निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? क्या सरकार जनहित में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.02.2023 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मेरे द्वारा पत्रांक–679/आख्या/2022–23 दिनांक 24.11.2022 के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 टिहरी गढ़वाल से सुवाखोली–नगुण–भवान मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य के सम्बन्ध में 10 बिन्दुओं पर आख्या एक सप्ताह में मांगी गयी थी ? क्या सरकार बतायेगी कि आतिथि तक आख्या उपलब्ध न कराने व कार्यो के प्रति लापरवाही करने वाले उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.02.2023 | 55. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत वनाली–बमेण्डी–पसनी–घुड़सालगांव–सिलवन मोटर मार्ग का निर्माण न होने से क्षेत्रवासियों को मुख्यालय जाने हेतु 18 किमी0 पैदल चलना पड़ता है ? क्या यह सत्य हैं कि क्षेत्रवासी मोटर मार्ग के अभाव में गांवों से पलायन को विवश हो रहे है ? क्या सरकार व्यापक जनहित में उपरोक्त मोटर मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.02.2023 | 56. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में सुरांसू–वणगांव–जयद्वार कुल लगभग 03 किमी0 मिसिंग भाग पर मोटर मार्ग का निर्माण न होने से ग्रामीणों को लगभग 55 किमी0 की लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है? क्या सरकार सुरांसू–वणगांव–जयद्वार कुल 03 किमी0 मिसिंग भाग पर जनहित में मोटर मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना<br>02.02.2023 | 57. क्या पर्यटन मंत्री को ज्ञात हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत काठ की नाव नामक स्थान पर कुमाऊँ मण्डल विकास निगम द्वारा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पर्यटक आवास गृह का निर्माण कराया गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि पर्यटक आवास गृह निर्माण होने के बाद भी लम्बे समय तक आवास गृह विभाग को हस्तान्तरित नहीं किया गया, जिस कारण पर्यटक आवास गृह खण्डहर हो चुका है ? क्या सरकार निगम की परिसम्पति को नुकसान पहुंचाने वालों की जांच कराकर दण्डात्मक कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>09.02.2023 | 58. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत 05 वर्षो का समय पूर्ण कर चुके कुल कितने मोटर मार्ग है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सल्ट में जिन मोटर मार्गो के निर्माण को 05 वर्ष पूर्ण हो चुके है, उनके रख–रखाव हेतु वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितनी धनराशि अवमुक्त की गई है ? क्या सरकार 05 वर्ष का समय अवधि पूर्ण कर चुके सभी मोटर मार्गो के अनुरक्षण हेतु धनराशि अवमुक्त करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>10.02.2023 | 59. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत जौंलजीवी से बगड़ीहाट, तितरी, ड्योड़ा मोटर मार्ग का निर्माण कब किया गया था तथा इस मोटर मार्ग को बनाने हेतु क्या स्थानीय काश्तकारों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा काश्तकारों को भूमि का मुआवजा दिया गया था ? यदि नहीं तो, क्या सरकार उक्त अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा काश्तकारों को देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>10.02.2023 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग पिथौरागढ़ द्वारा वड्डा स्थित मशानीगाड़ में पुल के निर्माण के दौरान स्थानीय काश्तकारों की नाप भूमि को क्षति पहुंची है ? क्या विभाग उक्त भूमि की क्षतिपूर्ति की धनराशि काश्तकारों को देगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेश सिंह चौहान<br>10.02.2023 | 61. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के विकास खण्ड भटवाड़ी एवं डुण्डा के अन्तर्गत जंगली जानवरों द्वारा लगातार ग्रामीणों की कृषि उपज को नुकसान पहुँचाया जा रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीणों की उपज को बचाने हेतु वन विभाग द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री सुरेश गढ़िया<br>13.02.2023 | 62. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में वर्ष 2017 से आतिथि तक प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल कितने मोटर मार्ग स्वीकृत हुए है? क्या सरकार तत्सम्बधित सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना<br>13.02.2023<br>श्री सुरेश गढ़िया<br>14.02.2023 | 63. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विगत 01 वर्ष में जंगली जानवरों द्वारा कुल कितने लोगों पर प्राणघातक हमले किये जिसमें से कितनी जन हानियां हुई और कितने लोग घायल हुए? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों की दशहत से वहां के स्थानीय लोग अपने आप को अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं पा रहे है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा जंगली जानवरों से बचाव हेतु किसी तरह के प्रयास किये गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री विरेन्द्र कुमार<br>14.02.2023 | 64. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पॉलिटैक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओ.बी.सी. के अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को मुफ्त लैपटाप वितरित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री सुरेश सिंह चौहान<br>14.02.2023 | 65. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत स्थित गंगोत्री नेशनल पार्क को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री सुरेश सिंह चौहान<br>14.02.2023 | 66. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के विकास खण्ड भटवाड़ी एवं डुण्डा के अन्तर्गत स्थित पर्यटक स्थलों जैसे कुश कल्याण, जोराई बुग्याल, गिडारा बुग्याल, दयारा बुग्याल, हरौन्ता बुग्याल, अवाना बुग्याल, खेड़ा ताल, डोडीताल, नचिकेता ताल, वरुणावत पर्वत (वी टॉप) एवं हर्षिल क्षेत्र, मनेरी झील, जोशियाड़ा झील को पर्यटक स्थल एवं पर्यटन हब के रुप में विकसित किये जाने हेतु सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री सुरेश सिंह चौहान<br>14.02.2023 | 67. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत धनारी से सेम मुखेम मोटर मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग को बनाये जाने की स्वीकृति पूर्व में दी गई थी, किन्तु उक्त मार्ग पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का कार्य सरकार द्वारा कब तक करवाया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16.02.2023 | 68. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर में गत कई वर्षो से दैवीय आपदा/अतिवृष्टि के कारण अगलाड़ नहर, बांयों, थत्यूड़ नहर तथा अलमस नहर पूर्ण क्षतिग्रस्त है? क्या सरकार बतायेगी कि दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त उपरोक्त चार पर्वतीय नहरों का पुनर्निर्माण करवाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>16.02.2023 | 69. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार की 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टिनेशन योजना के अन्तर्गत जनपद उधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर के धार्मिक स्थल तीर्थ द्रोणासागर, मोटेश्वर महादेव मंदिर, मां भगवती बाल सुन्दरी देवी मंदिर, गुरूद्वारा श्री ननकाना साहिब एवं रमणीक स्थल गिरीताल का सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु योजना स्वीकृत की गई है ? यदि हां, तो सम्बन्धित योजनाओं हेतु कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है और इन पर कब तक कार्य प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>16.02.2023 | 70. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि शासनादेश संख्या 5443/III(2)/15–13 सामान्य/2015 दिनांक 23 जुलाई, 2015 के तहत नगर पंचायतों/नगरपालिकाओं एवं नगर निगमों की सीमा के अन्तर्गत मुख्य मार्गों को छोड़कर आन्तरिक मार्गों का निर्माण एवं रख रखाव का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं कराया जा रहा है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि नगर पंचायतों/नगरपालिकाओं एवं नगर निगम क्षेत्रों का वर्ष 2018 में विस्तारीकरण होने से बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र इन निकायों में सम्मिलित हो चुके हैं जिससे स्थानीय निकायों के क्षेत्रफल का विस्तारीकरण के उपरान्त स्थानीय निकाय नए क्षेत्रों का विकास नहीं कर पा रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों के निवासीगणों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार प्रदेश के स्थानीय निकायों में सड़कों के निर्माण के प्रति सन्दर्भित शासनादेश में दी गई उपरोक्त गाईड लाईन में संशोधन करते हुए इन क्षेत्रों की आन्तरिक सड़कों का निर्माण कराए जाने हेतु पुनः लोक निर्माण विभाग को अधिकृत करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा<br>17.02.2023 | 71. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर के विकास हेतु की गई घोषणा संख्या 481/2019 जिसमें काशीपुर–रामनगर रोड से काशीपुर–बाजपुर रोड तक द्रोणासागर नहर के ऊपर 2 लेन सड़क का निर्माण कराया जाना सम्मिलित था, का शिलान्यास दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 को काशीपुर में किया गया था ? यदि हां, तो सम्बन्धित मार्ग के निर्माण हेतु किस विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है एवं कितनी धनराशि की स्वीकृति दी गई है और क्या इस मार्ग पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>21.02.2023 | 72. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र लैन्सडाउन में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण की गई सभी सड़कों का मुआवजा दिया जा चुका है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो निर्मित सड़कों का मुआवजा कब तक दिया जायेगा ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती शैलारानी रावत<br>22.02.2023 | 73. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रुद्रप्रयाग में प्रसिद्ध श्री केदारनाथ यात्रा के संचालन हेतु जनपद के समस्त प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी यात्रा ड्यूटी में तैनात रहते है जिससे जनपद के अन्य विकास कार्य प्रभावित/बाधित होते है तथा जिससे स्थानीय निवासियों को बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी केदारनाथ यात्रा के संचालन हेतु अलग से प्रशासनिक व्यवस्था करेंगे, जिसमें अलग से यात्रा मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारियों /कर्मचारियों की तैनाती की जाय? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>22.02.2023 | 74. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा जल/बरसाती गधेरों को कैचमैंट क्षेत्र से संग्रहित कर उपयोग में लाया जा सकता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि वर्षा जल संग्रहण के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों में परम्परागत व्यवसाय कृषि, पशुपालन, बागवानी हेतु दीर्घकालीन एवं जनकल्याणकारी योजना बनाकर पर्वतीय क्षेत्र से हो रहे पलायन पर भी रोक लगाई जा सकती है? क्या सरकार वर्षा जल/बरसाती गधेरों के जल का संग्रहण कर पर्वतीय क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>24.02.2023 | 75. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत मटियाला–पिलखेरा–ईड़ाखाल मोटर मार्ग विगत् 17 वर्षो से निर्माणाधीन होने के कारण अभी तक पूर्ण नही हो पाया है ? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण होगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>24.02.2023 | 76. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत संतूधार–नौगांवखाल–दमदेवल मोटर मार्ग तथा संतूधार–किर्खू–पावौ मोटर मार्ग सिंगल लेन मोटर मार्ग है? यदि हां, तो क्या उक्त मोटर मार्गो का चौड़ीकरण किये जाने की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक उक्त मोटर मार्गो का चौड़ीकरण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>24.02.2023 | 77. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत नौगांवखाल–तुनाखाल मोटर मार्ग पर स्थित ईड़ाखाल–पिलखेरा–मटियालना सम्पर्क मोटर मार्ग पर ईड़ाखाल से 200 मीटर आगे ग्वलसिर गधेरे पर नीचे की तरफ पुस्ता काफी समय से टूटा हुआ है? यदि हां, तो उक्त पुस्ते का निर्माण कब तक करा दिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |



Scanned with CamScanner

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "ख"

## माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन

| क्रम सं0 प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री यशपाल आर्य<br>मा0 नेता प्रतिपक्ष | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाए:-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-<br>1. राज्य में आपदाग्रस्त क्षेत्रों से प्रभावितों के विस्थापन और उचित मुआवजे दिये जाने,<br>2. राज्य के बेरोजगारों को निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से रोजगार उपलब्ध कराने,<br>3. राजस्थान एवं हिमाचल की भांति उत्तराखण्ड प्रदेश में भी पुरानी पेंशन बहाल किये जाने,<br>4. राज्य में स्थापित उद्योगों में उत्तराखण्ड के निवासियों को रोजगार में 70 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने का कानूनी अधिकार दिये जाने,<br>5. राज्य में लगातार महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार, बलाात्कार इत्यादि घटनाओं पर दृढ़ता से रोक लगाने हेतु कठोर कानून लाने,<br>6. आगामी भीषण गर्मी के महीनों में पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का समाधान करने,<br>7. वनाग्नि से जंगलों को बचाने,<br>8. राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों के चिकित्सालयों में स्पेशलिस्ट डाक्टरों की तैनाती किये जाने,<br>9. सरकारी विभागों में एस0सी0, एस0टी0 एवं ओ0बी0सी0 के पदो के बैकलाaग को भरे जाने,<br>10. प्रदेश के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं के सभी रिक्त पदों की तैनाती किये जाने,<br>11. प्रदेश के प्रत्येक जनपद में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं निर्धन छात्र-छात्राओं हेतु हास्टल निर्मित किये जाने, |

Scanned with CamScanner

12. राज्य में एस0सी0/एस0टी0 क्षेत्रों के विकास हेतु बजट में वृद्धि किये जाने,
13. प्रदेश के प्रत्येक जनपद में ब्लाक स्तर पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराये जाने,
14. प्रदेश के पुलिस कर्मियों को रू 4600/- ग्रेड पे उपलब्ध कराये जाने,
15. राज्य के अन्तर्गत गन्ना किसानों के भुगतान किये जाने,
16. बाजपुर में 20 ग्रामों के लोग जिन्हें संक्रमणीय भूमिधरी के अधिकार प्राप्त हैं का उत्पीड़न न करने,
17. बाजपुर चीनी मिल का शीघ्र आधुनिकीकरण तथा इसकी सह इकाई आसवनी में 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता का मल्टीपरपज ऐथेनाल प्लांट एवं विद्युत उत्पादन हेतु चीनी मिल में स्वीकृत को-जेनरेशन प्लांट स्थापित किये जाने,
18. बाजपुर नर्सिंग कालेज में शीघ्र प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कर पठन-पाठन कार्य आगामी सत्र से ही प्रारम्भ किये जाने।
19. बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में सरकारी जीर्ण-शीर्ण भवनों के पुनरोद्धार किये जाने,
20. बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आदिम बुक्सा जनजाति के उत्थान हेतु कोई नई योजना के स्वीकृत करने।

2. श्री आदेश सिंह चौहान

''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. जसपुर में रोडवेज बस स्टैण्ड की स्थापना किये जाने,
2. जसपुर नगर पालिका का ट्रंचिग ग्राउन्ड बनाये जाने,
3. नादेही शुगर मिल का नवीनीकरण तथा एथेनाल प्लांट की स्थापना किये जाने,
4. जसपुर में पालिटेक्निक कालेज की स्थापना किये जाने,
5. नगर पालिका जसपुर में स्टेडियम तथा ग्राम करनपुर में मिनी स्टेडियन की स्थापना किये जाने,
6. ग्राम हजीरो में फीका नदी पर पुल का निर्माण किये जाने,

Scanned with CamScanner

7. तीरथनगर डाम क्षेत्र में राजस्व ग्राम घोषित किये जाने,
8. ग्राम किशनपुर व पूरनपुर में फीका नदी का तटबन्ध और ग्राम बैतवाला व बगवाड़ा में ढेला नदी का तटबन्ध बनाये जाने,
9. जसपुर में एन0एच0 से एम0पी0 सिंह नर्सिंग होम के सामने नगर की सड़क का निर्माण किये जाने,
10. जिम कार्बेट पार्क का एक आवागमन द्वार (गेट) जसपुर से पतरामपुर रेन्ज में खोले जाने,
11. जसपुर में तीरथनगर मंदिर हिडिम्बा देवी मंदिर और तुमड़िया डाम का सौन्दर्यीकरण किये जाने,
12. जसपुर विधान सभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण किये जाने,
13. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में अधूरे तहसील भवन को पूर्ण किये जाने,
14. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में उप-जिलाधिकारी भवन निर्माण किया जाय,
15. जसपुर विधान सभा क्षेत्र सरकारी स्कूलों के क्षतिग्रस्त भवनों को निर्माण किये जाने,
16. जसपुर नगर पालिका में सीवर लाईन की व्यवस्था किये जाने,
17. जसपुर नगर पालिका में पेयजल व्यवस्था को ठीक किये जाने व पेयजल व्यवस्था का द्वितीय फेज आरम्भ किये जाने तथा,
18. विधान सभा क्षेत्र जसपुर के ग्राम सीपका वासियों को उनकी कृषि भूमि पर मालिकाना हक दिये जाने,
19. जनपद में सिविलकोर्ट के भवन का निर्माण कराये जाने।

3.श्री मनोज तिवारी

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. विधान सभा अल्मोड़ा में उप क्षेत्रीय विज्ञान पार्क में शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने

Scanned with CamScanner

2. अल्मोड़ा विधान सभा के लोधिया में फूड काफ्ट इन्स्टीट्यूट का निर्माण कार्य पूर्ण करके कक्षाओं का संचालन किये जाने,
3. अल्मोड़ा में स्पोर्टस कालेज स्वीकृत किये जाने,
4. जनपद अल्मोड़ा विधान में पयर्टन को बढ़ाने की दृष्टि से रोप-वे की स्वीकृति दिये जाने,
5. अल्मोड़ा विधान सभा में इंजीनियरिंग कालेज स्वीकृत किये जाने,
6. अल्मोड़ा नगर को हैरिटेज सिटी घोषित किये जाने,
7. अल्मोड़ा विधान सभा का विस्तार होने के कारण सिटी बस तत्काल संचालित किये जाने,
8. अल्मोड़ा विधान सभा के विकास खण्ड भैसियाछाना के रीठागाड़ में डिग्री कालेज की स्वीकृति दिये जाने,
9. अल्मोड़ा विधान सभा के बाड़ेछीना में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण किये जाने,
10. अल्मोड़ा विधान सभा के विकासखण्ड लमगड़ा के ग्राम ढौरा में मिनी स्टेडियम का निर्माण किये जाने,
11. अल्मोड़ा विधान सभा के विकासखण्ड भैसियाछाना के धौलाछीना में मिनी स्टेडियम का निर्माण किये जाने,
12. अल्मोड़ा विधान सभा के विकास खण्ड भैसियाछाना के वाड़ेछीना में मिनी स्टेडियम का निर्माण किये जाने,
13. अल्मोड़ा विधान सभा के हवालबाग ब्लाक के समीप मिनी स्टेडियम का निर्माण किये जाने,
14. अल्मोड़ा विधान सभा के हवालबाग क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु लघु उद्योग का निर्माण किये जाने,
15. अल्मोड़ा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त आई0टी0आई0 संस्थान को मैदानी क्षेत्र में स्थापित उद्योगों के साथ समन्वय करते हुए संचालित किये जाने,
16. अल्मोड़ा विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड भैसियाछाना के बाड़ेछीना पालिटेक्निक नई कक्षायें संचालित की जाय और तत्काल भवन का निर्माण किये जाने,
17. अल्मोड़ा विधान सभा के आई0टी0आई0 धौलछीना नये ट्रेड खोले जाने,
18. अल्मोड़ा विधान सभा के कसारदेवी को पयर्टन के साथ-साथ आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने,
19. अल्मोड़ा नगर क्षेत्र में योग शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु योग संस्थान की स्थापना किये जाने,

Scanned with CamScanner

20. अल्मोड़ा विधान सभा उदय शंकर नाट्य अकादमी को पूर्णरूप से संचालित किये जाने,
21. अल्मोड़ा विधानसभा के समस्त स्वीकृत मोटर मार्गो में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने,
22. अल्मोड़ा नगर में आडिटोरियम स्वीकृत किये जाने,
23. अल्मोड़ा विधानसभा के समस्त प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल एवं राजकीय इण्टर कालेजों के क्षतिग्रस्त भवनों के लिए धनराशि आवंटन किये जाने,
24. अल्मोड़ा विधानसभा के विकासखण्ड लमगड़ा के ग्राम ढौरा में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति दिये जाने,
25. अल्मोड़ा विधानसभा के विकासखण्ड लमगड़ा के ग्राम चौमू में मिनी स्टेडियम हेतु स्वीकृति दिये जाने,
26. अल्मोड़ा विधानसभा के पपरसैली में इको पार्क का विस्तारीकरण किये जाने।

4. हाजी फुरकान अहमद

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. जनपद हरिद्वार के विधान सभा पिरान कलियर में पुरानी गंगनहर के पुल जो क्षतिग्रस्त है उसके स्थान पर नये पुल का निर्माण किये जाने,
2. जनपद हरिद्वार के विधान सभा पिरान कलियर के पाडली गुज्जर तेल्लीवाला के पास रेलवे पुल का निर्माण कराये जाने,
3. जनपद हरिद्वार के विधान सभा पिरान कलियर के अन्तर्गत मेहवड़ कलां व ईमली खेड़ा में खेल स्टेडियम का निर्माण कराये जाने,
4. जनपद हरिद्वार के पिरान कलियर नगर पंचायत में पानी की टंकी व पाईप लाईन का निर्माण कराये जाने,
5. जनपद हरिद्वार के रामपुर पाडली गुज्जर तेल्लीवाला में अमृत योजना के अन्तर्गत पेयजल का टैंक व पाईप लाईन व सीवर का निर्माण कराये जाने,
6. प्रदेश के किसानों का कर्ज माफ किये जाने,
7. प्रदेश के गन्ना किसानों का भुगतान किये जाने,

Scanned with CamScanner

8. जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र पिरान कलियर में हलवेड़ी तिराहे के सामने से रूड़की बाईपास हरिद्वार रोड पर रतमऊ नदी पर सड़क एवं सेतु का निर्माण कराये जाने,
9. जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर में हकीमपुर तुर्रा से पुहाना इकबालपुर की ओर सौलानी नदी पर सेतु एवं सड़क निर्माण कराये जाने,
10. मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों को अनुदान सूची में सम्मिलित किये जाने,
11. जनपद हरिद्वार के विधान सभा पिरान कलियर को पांचवा धाम घोषित किये जाने,
12. जनपद हरिद्वार के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पिरान कलियर में सीवर लाईन बनाये जाने,
13. जनपद हरिद्वार के विधान सभा पिरान कलियर के वार्षिक मेले को सरकारी मेला घोषित किये जाने,
14. राज्य के सभी मुस्लिम एवं ईसाइयों के कब्रिस्तान व शमशान घाट की चाहरदीवारी का निर्माण किये जाने,
15. जनपद हरिद्वार की नदियों जैसे सौलानी नदी, रतमऊ आदि नदियों के किनारे पैचिंग, तटबन्ध निर्माण किये जाने,
16. जनपद हरिद्वार के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पिरान कलियर में बंद पड़ी नहर धनौरी से रूड़की तक नौका विहार एवं कृत्रिम झील का निर्माण कराये जाने,
17. जनपद हरिद्वार रूड़की में अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कराये जाने,
18. विधान सभा पिरान कलियर व पिरान कलियर नगर पंचायत की बिजली कटौती बंद किये जाने,
19. विधान सभा पिरान कलियर के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी की टंकी व टैंक का निर्माण कराये जाने,
20. विधान सभा पिरान कलियर में 1000 नये हैण्ड पम्प लगाये जाने,
21. किसानों के गन्ने का मूल्य रू0 6000 प्रति कुन्टल किये जाने,

Scanned with CamScanner

22. विधान सभा पिरान कलियर के मगरूमपुर-मुस्तफाबाद में पालिटैक्निक खोले जाने,
23. विधान सभा पिरान कलियर भारापुर में बिजलीघर बनाये जाने,
24. पिरान कलियर नगर पंचायत में डिग्री कालेज खोले जाने,
25. विधान सभा पिरान कलियर ईमली खेड़ा में डिग्री कालेज खोले जाने,
26. विधान सभा पिरान कलियर के राज्य योजना के लम्बित पड़े सभी मामलो में शीघ्र शासनादेश जारी किये जाने,
27. मदरसों को कम्प्यूटर शिक्षा से जोड़ते हुए उनका आधुनिकीकरण किया जाय मदरसों में पढने वाले छात्रों के प्रमाण पत्रों को अन्य बोर्डो के समान समकक्षता प्रदान किये जाने,
28. उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों में निःशुल्क जूता एवं बैग उपलब्ध कराये जाने,
29. उर्दू शिक्षको की भर्ती की जाने,
30. प्रदेश में बढ्ती मंहगाई एवं बेरोजगारी को रोकने के लिए ठोस योजना बनाये जाने,
31. जनपद हरिद्वार रूड़की पिरान कलियर व धनौरी तक लाईट लगाने का निर्माण कार्य कराये जाने,
32. जनपद हरिद्वार में कोर कालेज से पिरान कलियर व बेडपुर चोक तक लाईट लगाने का निर्माण कार्य कराये जाने,
33. विधान सभा पिरान कलियर के मुर्करपुर से बेडपुर रोड़ से धनोरी की और नाला निर्माण कराये जाने,
34. पिरान कलियर नगर पंचायत में अन्य स्थानो पर जल निकासी का कार्य व नाला निर्माण कराये जाने,
35. जनपद हरिद्वार में कोर कालेज से बेडपुर चौराह तक मेन रोड का चौड़ी करण व डिवाईडर का निर्माण।
36. विधान सभा पिरान कलियर में बस स्टैन्ड का निर्माण कराये जाने,
37. विधान सभा पिरान कलियर में पार्किंग का निर्माण कराये जाने,
38. विधान सभा पिरान कलियर के रामपुर नगर पंचायत में सीवर लाइन बनाये जाने,

Scanned with CamScanner

39. विधान सभा पिरान कलियर के ईमली खेड़ा नगर पंचायत में सीवर लाइन बनाये जाने,
40. विधान सभा पिरान कलियर के पाडली गुज्जर नगर पंचायत में सीवर लाइन बनाये जाने,
41. विधान सभा पिरान कलियर में स्वीकृत यूनानी मेड़िकल कालेज बजट जारी करके धरातल पर कार्य शुरू कराये जाने,
42. विधान सभा पिरान कलियर में दरगाह शरीफ का सौन्दर्यीकरण किये जाने।

5. श्रीमती ममता राकेश

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में पूर्व स्वीकृत मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए धन आवटंन किये जाने,
2. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में भगवानपुर में स्वीकृत तहसील के भवन के निमार्ण हेतु धन आवंटित किये जाने,
3. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र में ट्रान्सपोर्ट नगर का निर्माण किये जाने,
4. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में भगवानपुर में महिला पालिटैक्निक खोले जाने,
5. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में भगवानपुर में ग्राम वह बहलपुर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना किये जाने,
6. ग्राम अलावलपुर में इण्टर कालेज बनाये जाने,
7. भगवानपुर में गागलहेड़ी मार्ग का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व मेन हाईवे पर नयी तहसील भवन का निर्माण कराये जाने,
8. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर ग्राम चुड़ियाला मोहनपुर में स्थापित बाबू कलीराम राकेश डिग्री कालेज में स्नातकोत्तर की कक्षाओं को संचालित किये जाने,

Scanned with CamScanner

9. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर में सी0एच0सी0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों की स्थाई रूप में नियुक्ति किये जाने,
10. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में गौशाला खोले जाने,
11. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम डाडली, महेश्वरी, अलावलपुर वहबलपुर में सिग्नल समस्या को देखते हुए मोबाईल टावर लगाये जाने,
12. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा में स्व0 सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण किये जाने,
13. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में डाक्टर भीम राव अम्बेडकर, संत श्री रविदास और महर्षि वाल्मिकी पार्को के सौन्दर्यीकरण किये जाने,
14. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति उपयोजना धनराशि स्वीकृत कराये जाने व उसका उपयोग अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में किये जाने,
15. राज्य विधवा महिलाओं का उपचार निःशुल्क किये जाने,
16. राज्य में विधवा महिलाओं के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आय प्रमाण की अनिवार्यता को समाप्त किये जाने,
17. राज्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आय के मानक 6000 किये जाने,
18. राज्य में परित्यक्ता योजना में अनाथ/बेसहारा बच्चे जो विस्तारित कुटुम्ब के साथ रह रहे हैं, अशक्त तथा गम्भीर रोग के ग्रसित सजायाफ्ता माता-पिता की सन्तान, विधवा /तलाकशुदा स्त्री, परित्यक्ता,कुटुम्ब द्वारा परित्यक्त महिलाओं के बालक/बालिकाओं को आर्थिक सहायता के रूप शिक्षा तथा चिकित्सा हेतु दो हजार रुपये प्रतिमाह में बच्चों के आय मानक समाप्त किये जाने,

Scanned with CamScanner

19. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान की चाहरदीवारी तथा प्रत्येक श्मशान घाट में छत्री व कब्रिस्तान में जनाजा कक्ष तथा पेयजल की सुविधा उपलब्ध किये जाने,
20. श्मशान घाटों का सौन्दर्यीकरण किये जाने,
21. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में एक वाटर ए0टी0एम0 लगाये जाने,
22. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा के प्रत्येक प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में पर्याप्त भवन, शौचालय बालक व बालिका व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने,
23. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी क्षतिग्रस्त मार्गो का पुनर्निर्माण किये जाने,
24. प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत भगवानपुर विधान सभा के 50 प्रतिशत से ज्यादा अनुसूचित जाति के ग्रामों का चयन किये जाने,
25. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी गरीब परिवारों एवं किसानों का बिजली बिल माफ किये जाने,
26. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त समस्त पुलिया का पुनर्निर्माण बरसात के पहले अतिशीघ्र कराये जाने,
27. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में चिकनगुनियां, डेंगू एवं मच्छरों से निजात पाने के लिए कोई ठेस कदम उठाये जाने,
28. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में बालिका आवासीय विद्यालय खोले जाने तथा वर्किंग वुमैन के लिए हास्टल का निर्माण कराये जाने,
29. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में योग केन्द्र खोले जाने,
30. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए कोई ठेस कदम उठाये जाने,

Scanned with CamScanner

31. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में खेल के मैदान का निर्माण कराये जाने,
32. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में अन्तर्गत तालाबों को सौन्दर्यीकरण एवं चारों और रैलिंग की व्यवस्था कराये जाने,
33. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में राजकीय इण्टर कालेज छापुर शेर अफगानपुर में अध्यापकों की नियुक्ति किये जाने,
34. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सभी गांव में सरकारी सेवाओं की तैयारियों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेण्टरों की स्थापना किये जाने,
35. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आने-जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा कराये जाने,
36. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ओलावृष्टि एवं दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त किसानों की फसलों का मुआवजा दिये जाने,
37. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई हेतु नलकूपों का निर्माण एवं रिबोर किये जाने,
38. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आन्तरिक मार्गो की मरम्मत एवं जल निकासी के लिए कोई ठोस कार्य योजना बनाये जाने,
39. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत इंजीनियरिंग एवं बी0एससी0 के अन्तर्गत जाति अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को लैपटाप उपलब्ध कराये जाने,
40. भगवानपुर ओधौगिक क्षेत्र में महिला हास्टल का निर्माण किये जाने,
41. भगवानपुर में जग जीवन क्षेत्र बाबू में आवासीय हास्टल का निर्माण किये जाने।

Scanned with CamScanner

6. श्रीमती अनुपमा रावत

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. जनपद हरिद्वार की विधान सभा क्षेत्र 35-हरिद्वार ग्रामीण में दो उच्च राजकीय चिकित्सालय खोले जाने,
2. विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में सिडकुल क्षेत्र का विस्तारीकरण एवं 70 प्रतिशत स्थानीय नव जवानों को रोजगार दिये जाने,
3. विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में कुम्भ क्षेत्र का विस्तारीकरण कर बड़ी सड़कों का निर्माण किये जाने एवं भोगपुर से कांगड़ी तक पुल का निर्माण किये जाने,
4. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के न्याय पंचायत लालढांग में रवासन नदी पर चैकडैम की स्थापना किये जाने,
5. विधान सभा क्षेत्र में गंगा नदी पर तटबंधो का निर्माण किये जाने, ग्राम अजीतपुर, कटारपुर, बिशनपुर, कुंडी, कांगड़ी, टांडा भागमल, भोगपुर, तिलकपुरी, श्यामपुर में गंगा नदी पर पेचिंग निर्माण कार्य तथा ग्राम आर्यनगर पाण्डोवाला शोत्र एवं मीठीबेरी से ढंनियालवाला तक रवासन नदी के किनार पेचिंग निर्माण कार्य कराये जाने,
6. विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण पूर्णरूप से ग्रामीण होने के कारण एक तहसील व एक उप तहसील का निर्माण किये जाने,
7. विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में ज्यादातर क्षेत्र कृषि क्षेत्र है, किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बहुत नुकसान होता है इस हेतु वाउण्ड्री वाल व तारबाड़ किये जाने,
8. हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र ग्रामीण के मेन चौराहों में बड़ी स्ट्रीट लाईट व 500 सोलर लाईट प्रदान किये जाने,
9. हरिद्वार ग्रामीण में दो खेल के मैदान, एक बड़ा स्टेडियम एवं 06 ओपन जिम की स्थापना किये जाने,
10. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में दो कन्या महाविद्यालय एवं दो राजकीय इण्टर कालेज खोले जाने, ग्राम बादशाहपुर में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के नाम पर कन्या महाविद्यालय की स्थापना किये जाने,

Scanned with CamScanner

11. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में गुरुराम राय पब्लिक स्कूल जगदीशपुर से ग्राम कटारपुर तक रजवाहे का निर्माण कार्य एवं सम्पूर्ण हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में खेती के लिये गूलों, नहरों का निर्माण व मरम्मत कार्य कराये जाने,
12. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में इंटरनेट बूस्टर लगवाये जाने,
13. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में रविदास मंदिर व बाल्मिकी मंदिरों एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के पार्को का सौन्दर्यीकरण किये जाने,
14. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में बंद पड़े ट्यूबवैल संचालित किये जायं एवं लालढांग क्षेत्र के लिये 20 नये ट्यूब वैल प्रदान किये जाने,
15. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में टिहरी विस्थापितों को उनकी भूमि का मालिकाना हक दिये जाने,
16. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में ओवर हेड टैंक बनाये जाने,
17. विधानसभा क्षेत्र हद्विार ग्रामीण क्षेत्र में ट्यूबवैल व बिजली बिल माफ किये जाने,
18. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में लालढ़ांग से कोटद्वार तक राज्य मार्ग के तर्ज पर सड़क का चौड़ीकरण कर सड़क निर्माण किया जाये व चिल्लरखाल तक बनाये जाने,
19. गन्ने का प्रति दो सप्ताह में भुगतान किये जाने तथा नये गन्ना खरीद केंद्र खोले जाने
20. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम अम्बुवाला, अजीतपुर, धनपुरा, उर्फ पदार्था, भुवांपुर, चमराबल, बहादुरपुर जट्ट के शमशान घाट जीर्णोद्धार का निर्माण कार्य किये जाने,
21. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम धनपुरा, नसीरपुर कलां, कुन्हारी, पदार्था, जसोद्दरपुर, जमालपुरकलां, कटारपुर, रसूलपुर, मीठी समस्तीपुर, कठियावड़ के कब्रिस्तान की चाहरदीवारी एवं जीर्णोद्धार निर्माण कार्य कराये जाने,
22. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में 200 हैण्ड पम्प की स्थापना किये जाने,

Scanned with CamScanner

23. विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम जमालपुर कलां की समस्त कालोनियों में नाली निर्माण कार्य कराये जाने।

7. श्री प्रीतम सिंह

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. प्रदेश में रोजगार की सम्भावनाओं को बढाने के लिए उत्तराखण्ड राज्य को पर्यटन प्रदेश के रूप में विकसित किये जाने,
2. स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति का निर्धारण किये जाने,
3. महिलाओं को सुरक्षित रूप से यात्रा, आधी रात में निकलने पर उन्हें कोई भय न हो इस सम्बन्ध में कोई नीति घोषित किये जाने,
4. रोजगार के अवसर बढाने के लिए कोई स्पष्ट नीति बनाये जाने,
5. विकसित राज्यों की श्रेणी में उत्तराखण्ड को खड़ा करने के लिए अवस्थापना विकास का कोई ढांचा बनाये जाने,
6. उत्तराखण्ड की राजधानी के संबंध में कोई ठोस कदम उठाये जाने तथा राजधानी सभा आधुनिकतम व्यवस्थाओं से युक्त हो इस संबंध में कोई स्पष्ट नीति घोषित किये जाने,
7. चार-धाम यात्रा पूरे वर्ष चलाने, यात्रायें सुरक्षित करने श्रद्धालुओं को सभी तरह की व्यवस्था उपलब्ध कराने और प्रदेश की आर्थिकी बढ़ाने के लिए कोई स्पष्ट नीति बनाये जाने,
8. आपदा के दौरान जो कोई क्षेत्र बर्बाद हुए थे उन्हें पुनः बसाने के संबंध में कोई समय सीमा निर्धारित किये जाने,
9. आपदा के दौरान जो गांव खाली हो चुके हैं उनके पुनर्वास के संबंध में कोई नीति बनाये जाने,
10. नदियों की सफाई, नदियों के किनारे सौन्दर्यीकरण तथा नदियों के समस्त क्षेत्रों का पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने के संबंध में कोई नीति बनाये जाने,

Scanned with CamScanner

11. जो जल स्रोत्र सूख चुके हैं उनको रिचार्ज करने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
12. पत्रकारों को आवासीय सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के संबंध में कोई ठोस नीति बनाये जाने,
13. बी0पी0एल0 वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क एम0आर0आई0 तथा डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराये जाने,
14. विकसित राज्यों की श्रेणी में उत्तराखण्ड को खड़ा करने के लिए अवस्थापना विकास का कोई ढांचा बनाये जाने,
15. प्रदेश के नये जनपदों के गठन की कार्यवाही तत्काल किये जाने,
16. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत कालसी, साहिया, चकराता एवं त्यूनी के चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति किये जाने,
17. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत बिन्सौण में स्वीकृत आश्रम पद्धति विद्यालय के अधूरे भवन को तत्काल पूर्ण किये जाने,
18. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत त्यूनी-कथियान अधूरे का बी0 एम0 एच0 डी0 बी0 सी0 से डामरीकरण किये जाने,
19. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत इन्टर कालेज मुन्धौल, केराड़, खरोड़ा, बिन्सौण, काण्डोई भरम, ग्यासपुल, कोरूव एवं मुन्धान के भवनों का निर्माण किये जाने,
20. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत साहिया में स्वीकृत पालिटेक्निक में अन्य ट्रेड़ तत्काल प्रारम्भ किये जाने,
21. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत हनोल-त्यूनी, त्यूनी-आरोकोट, त्यूनी-प्लासू जलविद्युत परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से शुरू किये जाने,
22. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत ग्राम कोटी, ईच्छाडी में अस्पताल का निर्माण किये जाने तथा
23. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत लखवाड, पंजीटीलानी, कथियान व कुरोली में स्वीकृत आई0टी0आई0 तत्काल इसी सत्र में प्रारम्भ किये जाने।

Scanned with CamScanner

8. श्री खुशाल सिंह

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. ग्राम सुतेड़ा से ग्राम जमरेड़ी कान्तेश्वर तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किये जाने,
2. सरयू पेयजल योजना का उल्लेख किये जाने,
3. रीठा साहिब में डिग्री कालेज का निर्माण कार्य किये जाने,
4. बाराकोट में डिग्री कालेज का निर्माण कार्य किये जाने,
5. बाराकोट में गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य किये जाने,
6. ग्राम सभा खतेड़ा व गंगनौला में पेयजल योजना का निर्माण कार्य किये जाने,
7. केदारस्थान से चमतौला तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किये जाने,
8. ग्राम सभा चौंड़ासेन से पुनौला तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किये जाने,
9. खुनाबोरा में पेयजल योजना बनाये जाने,
10. पम्दा(बाराकोट) में पेयजल योजना बनाये जाने,
11. रैगांव(बाराकोट) पेयजल योजना बनाये जाने,
12. गरसलेख से बौसवस्वाड़ी(पाटी) सड़क निर्माण किये,
13. पटनगांव व शिव मंदिर से पटनगांव सम्पर्क मार्ग निर्मित किये जाने,
14. डुंगरी तोक (चौड़ाकोट ग्राम सभा) में सड़क निर्माण किये जाने,
15. बाराकोट ग्राम सभा में आन्तरिक सड़क मार्ग निर्मित किये जाने।

9. श्री सुमित हृदयेश

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. हल्द्वानी को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिये तथा पर्यटन व रोजगार स्थापित हों इसके लिये पूर्व में स्व0 डा0 इन्दिरा हृदयेश जी द्वारा स्वीकृत अंतरराज्यीय बस अड्डे व अंतराष्ट्रीय स्तर के चिड़ियाघर का कार्य पुनः आरम्भ कराने साथ ही राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय खेलों का आयोजन कराने, जिससे कि यहां की युवा प्रतिभाओं को परोक्ष व अपरोक्ष रूप से आगे बढने का मौका मिल सके तथा आयोजनों के माध्यम से रोजगार के अवसर दिये जाने,

Scanned with CamScanner

2. स्मैक मुक्त हल्द्वानी पर युद्धस्तरीय कार्य किये जाने,
3. स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुजुर्गों के लिए निःशुल्क जांच एवं बहुउद्देशीय कैम्प लगाये जाने।
4. नजूल नीति के क्रियान्वयन का सरलीकरण किये जाने, जिससे कि आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके,
5. सुशीला तिवारी अस्पताल को एम्स की तर्ज पर उच्चीकृत कराने तथा अस्पताल के समीप तीमारदारों व रोगियों के लिये विश्रामालय का निर्माण कराये जाने,
6. हल्द्वानी की यातायात व्यवस्था का सुव्यवस्थित करने के लिये तथा जाम से निजात पाने के लिये धरातलीय योजना का निर्माण कराये जाने,
7. तहसील परिसर में बहुउद्देशीय भवन, जिसमें तहसील, ट्रेजरी एवं अन्य सरकारी दफ्तरों की स्थापना तथा व्यवसायिक भवन व अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराये जाने,
8. बाजार क्षेत्र में मातृ शक्ति एवं व्यापारियों की सुविधा के लिये अत्याधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित (हाईटैक) शौचालय एवं छोटी पार्किंगों की व्यवस्था कराये जाने,
9. बरसाती नाले से जान-माल की सुरक्षा हेतु उचित कार्य कराये जाने,
10. बेरोजगारों तथा कर्मचारियों/आउटसोर्स की लड़ाई कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने।
11. सभी सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता के लिये विद्यालय भवनों का सुदृढ़ीकरण करने तथा रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कराने महाविद्यालयों में कैम्पस इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने,
12. दमुवाढूंगा वासियों की भूमि का नियमित कर एवं श्रमिक एवं मलिन बस्तियों- काठगोदाम, राजेन्द्र नगर, आजाद नगर का मालिकाना हक एवं इन बस्तियों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र तथा विद्यालयों का उच्चीकरण कराये जाने,
13. भवननिर्माण की दरों को सस्ता करने के लिए गौला से निकलने वाले खनिज की रायल्टी को न्यूनतम दर तक लाने, जिससे कि गौला से जुड़े कारोबारियों को भी व्यवसाय करने में सुविधा मिल सके।

Scanned with CamScanner

10. श्री भुवन कापड़ी

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित को कोई उल्लेख नहीं किया है:-

1. सीमांत विधान सभा में सरकारी भूमि में निवासरत लोगों की पूर्वजों द्वारा मेहनत कर बंजर भूमि को कृषि योग्य एवं आवास योग्य बनाया गया है जिससे उक्त भूमि सदुपयोगी हो सकी ऐसे उक्त सरकारी भूमि पर निवासरत/कब्जा धारकों को भूमि मालिकाना हक दिये जाने,
2. पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा पुरानी तहसील परिषद में बाबा साहब डा0भीमराव अम्बेडकर जन कल्याण समिति खटीमा को भूमि का आवंटन किया गया था जिसको बिना किसी कारण के निरस्त कर दिया गया। उक्त भूमि आवंटन पुनः बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जन समिति कल्याण को किये जाने,
3. उत्तराखण्ड की भौगोलिक सीमाओं को अन्दर निवासरत ऐसे परिवार को जो कि उत्तराखण्ड बनाने के समय से स्थायी रूप से निवासरत है। जो जाति प्रमाण पत्र कट आफ डेट में छूट प्रदान कर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था तत्काल प्रभावी किये जाने,
4. उत्तराखण्ड में बढ़ती हुई महंगाई को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा गैस सिलेण्डर, पेट्रोल, डीजल पर सब्सिडी प्रदान की जाये जाने उत्तराखण्ड के लोगों को कम दामों पर गैस सिलेण्डर, पेट्रोल, डीजल मिल सके,
5. राशन कार्ड आनलाईन होने की दिक्कतों के कारण अनेक परिवारों के पुराने राशन कार्ड आनलाईन नहीं हो पाये है। उक्त पुराने राशन कार्ड धारकों को भी खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुचारू किये जाने,
